# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पर्यटन और साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए की गई साइकिल रैली

**पहल**

## पर्यावरण को बचाने के लिए युवाओं की मुहिम को जिलाअधिकारी ने सराहा

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**



पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ में पर्यटन और साहसिक खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की एडवेंचर एकेडमी के द्वारा छब्बीस किमी की साइकिल रैली का आयोजन किया गया। बता दें कि जिले में इस साइकिल रैली में एडवेंचर एकेडमी के सत्तर युवाओं ने प्रतिभाग किया। यह रैली युवाओं ने दो घंटे में पूरी की। बीते रविवार को जिला मुख्यालय के एडवेंचर एकेडमी के द्वारा छब्बीस किमी की साइकिल रैली रामलीला मैदान से घंटाकरण , पुनेडी ,घुंसेरा गांव ,जाजरदेवल ,नैनी सैनी,एपीएस तिराहे ,जाखनी तिराहे ,कुमौड , केमू स्टेशन ,टकाना , लिंक रोड होते हुए रामलीला मैदान में वापस हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक चन्द्रा पंत पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह रावत ,जिला क्रीडा अधिकारी संजीव पौरी ने रामलीला मैदान से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

जिलाअधिकारी डांक्टर आशीष चौहान ने इस साइकिल रैली में शामिल सभी सत्तर प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन भी किया। डीएम ने कहा है कि एडवेंचर एकेडमी के प्रतिभागियों द्वारा सीमांत जनपद में पर्यटन व पर्यावरण को बचाने के लिए जो मुहिम छेडी जा रही वह खासतौर पर काबिले तारीफ है। उन्होने कहा कि ऐसे खेल से युवाओं का शरीर भी फिट रहेगा और उन्होने एडवेंचर एकेडमी के दल में शामिल युवाओं से उम्मीद जताई है कि भविष्य में जिले के युवा साइकिलिंग में विश्व स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे।

साइकिल रैली निपटने के बाद साइकिल रैली में प्रतिभाव करने वाले एडवेंचर एकेडमी के दल में शामिल प्रतिभागियों को जिलाधिकारी ने प्रशसति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस दोरान रवीश भटट , बीरेन्द्र संह दरियाल , जगदीश भटट, सुरेन्द्र पंवार ,मनीष भटट, अवनीश भटट मौजूद रहे। वही दल में शामिल युवा साइकिलिस्ट धीरज सलोनी ,सुनील राणा ,देवेश वर्मा , चिन्मय मेंहता ने स्टंट भी दिखाये। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों के पहल की खासतौर पर जमकर सराहना की।

## न्यूज डायरी :

### भाजपा विधायक महेश नेगी की बढ़ीं मुश्किलें, जवाब दाखिल करने का आदेश

**संवाददाता** देहरादून। अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट से भाजपा विधायक महेश नेगी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। विधायक पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला ने विधायक को उसकी बेटी का जैविक पिता बताते हुए फेमिली कोर्ट में केस दायर किया है। इस मामले में शनिवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन विधायक कोर्ट के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। ऐसे में कोर्ट ने विधायक को आठ अक्टूबर को इस संबंध में अपना जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। महिला के अधिवक्ता एसपी सिंह ने बताया कि पीड़िता ने बेटी के नाम से दायर की गई याचिका में विधायक से गुजारा भत्ता के रूप में 60 हजार रुपये हर माह भुगतान करने की मांग की है। याचिका में पीड़िता ने बेटी के पिता के नाम की जगह विधायक का नाम लिखा है।

### बंद बेअसर, किसानों ने दर्ज कराया विरोध

**संवाददाता** रुड़की। कृषि कानून वापस लेने समेत विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों की ओर से बुलाया गया भारत बंद रुड़की और भगवानपुर तहसील क्षेत्र में बेअसर रहा है। रुड़की में सामान्य दिनों की तरह ही बाजार खुले। रुड़की में किसानों के दो संगठनों उत्तराखंड किसान मोर्चा (उकिमो) और भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) रोड गुट ने बाजार में विरोध जुलूस निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। वहीं नारसन में किसानों ने हाईवे जाम किया। भगवानपुर, मंगलौर और झबरेड़ा में भी किसानों ने प्रदर्शन किया। उत्तराखंड किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड के नेतृत्व में मोर्चा के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए प्रशासनिक भवन पर एकत्र हुए।

### एमवे इंडिया पेश करता है न्यूट्रीलाइट विटामिन डी प्लस, विज्ञान और नई खोज का उदाहरण

**संवाददाता** देहरादून। देश की अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने न्यूट्रीलाइट विटामिन डी प्लस1 को पेश करने के साथ विशेष आहार उपयोग के लिए भोजन की दुनिया (एफएसडीयू) में अपनी उपस्थिति मजबूत की है। न्यूट्रीलाइट विटामिन डी प्लस1 खासतौर पर उन लोगों के लिए है जिनकी हड्डियां कमजोर है इसे संतुलित आहर के भाग के तौर पर लेना चाहिए। क्वेरसेटिन और जैविक रूप से प्राप्त मुलैठी के पेटेंट वानस्पतिक मिश्रण के साथ विटामिन डी3, विटामिन के2 का इसका अनूठा मेल कमजोर हड्डियों वाले लोगों के लिए विकसित किया गया है। मुलैठी और क्वेरसेटिन अर्क का अपनी तरह का पेटेंटेड सामग्री मिश्रण हड्डियों के घनत्व और कोलेजन उत्पादन में सुधार करता है जो हड्डियों के निर्माण में सहयोग करते हैं।

# कुंभ में कोविड टेस्टिंग फर्जीवाड़ा मामले में अगली सुनवाई 29 को



**संवाददाता** नैनीताल। हाई कोर्ट ने हरिद्वार कुंभ के दौरान कोरोना टेस्टिंग में फर्जीवाड़े के आरोपित मैक्स कारपोरेट सर्विसेज के सर्विस पार्टनर शरद पंत व मल्लिका पंत की याचिकाओं पर सुनवाई की। न्यायाधीश न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर याचिका में संशोधन करने के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया गया। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर अगली सुनवाई तिथि 29 सितम्बर नियत की है। याचिका में गिरफ्तारी पर रोक लगाने व प्राथमिकी निरस्त करने की मांग की गई है।

दरअसल मल्लिका पंत व शरद पंत ने याचिका दायर कर कहा था कि वह मैक्स कारपोरेट सर्विसेस में एक सर्विस प्रोवाइडर है। परीक्षण और डेटा प्रविष्टि के दौरान मैक्स का कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। सारा काम स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की प्रत्यक्ष निगरानी में किया गया था। इन अधिकारियों की मौजूदगी में परीक्षण स्टालों ने जो कुछ भी किया था उसे अपनी मंजूरी दे दी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरिद्वार ने पुलिस में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोप लगाया था कि कुंभ मेले के दौरान इनके द्वारा अपने को लाभ पहुंचाने के लिए फर्जी तरीके से टेस्ट कराए गए।




## यूथ रेडक्रास द्वारा विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। एनएसएस दिवस के उपलक्ष में डीएवी इंटर कॉलेज में यूथ रेडक्रास कमेटी देहरादून द्वारा एक विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।' 'डी ए वी इंटर कॉलेज के लाइब्रेरी हॉल में आयोजित विशेष शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि यूथ रेडक्रास कमेटी के चेयरमैन अनिल वर्मा , कार्यक्रम अध्यक्ष प्रधानाचार्य डॉ. एके श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि इशरत हबीब खान तथा एनएसएस के जिला कोऑर्डिनेटर डी आर रवि द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया।' बतौर मुख्य वक्ता अनिल वर्मा ने कोरोना, डेंगू बुखार, युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर रोक, स्वैच्छिक रक्तदान, एचआईवी/एड्स तथा टीबी से बचाव पर विचार व्यक्त किए।'

# राहुल गांधी पर टिप्पणी से हैं नाराज कांग्रेस ने फूंका भाजपा प्रदेश प्रभारी का पुतला



**संवाददाता** ऋषिकेश। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम की ओर से की गई टिप्पणी से कांग्रेस कार्यकर्ता बेहद गुस्से में हैं। डोईवाला में कांग्रेस ने दुष्यंत कुमार गौतम का पुतला फूंक कर प्रदर्शन किया।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने बीते दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर टिप्पणी की थी। जिसके खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को प्रदर्शन की घोषणा की थी। डोईवाला में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव चौधरी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर भाजपा और उसके प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम के खिलाफ नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष गौरव चौधरी,मोहित उनियाल, मनोज नौटियाल ने कहा कि राहुल गांधी पर इस तरह की टिप्पणी भाजपा नेताओं के मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी के रूप में अपनी दादी और राजीव गांधी के रूप में अपने पिता को खोने वाले राहुल गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी के लिए भाजपा प्रभारी को सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। इस तरह की टिप्पणी से साफ हो जाता है कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की सोच कितनी छोटी है और घटिया है।

## उत्तराखण्ड में नेशनल लोक कल्याण पार्टी का आगाज

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड में सोमवार को नेशनल लोक कल्याण पार्टी ने आगाज किया। इस दौरान अपनी प्राथमिकता गिनाते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार इंद्रप्रीत सिंह ने कहा कि उत्तराखण्ड को योगा व नेचुरोपैथी का हब बनाना उनका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पार्टी का दूसरा एजेण्डा प्रदेश में रिर्वस पलायन है। गांवों में रोजगार पैदाकर रिर्वस पलायन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 16500 गांव है। जिसमें से पिछले 10 सालों में 5 लाख लोग पलायन कर चुके हैं। अब तक 3946 घ्यर्वतीय गॉव विरान हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड जंगलों, वनस्पतियों व जीवों के साथ औषधीय और सुगंधित पौधों से समृद्ध है। राज्य को समृद्ध व संपन्न बनाने वाले आस्था के चारों धाम यहां स्थित है। लेकिन फिर भी यहां के लोग पलायन कर रहे हैं इसमें कही ने कही सरकार के विकास एजण्डे में कमी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में बिजली व पानी की भी प्रचूर मात्रा है लेकिन इसका भी सही पलानिंग के साथ सरकारें इस्तेमाल नहीं कर पा रही है।